12.04.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों से महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट होने का आह्वान किया।
- माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का राज्य स्तरीय समारोह कल जयपुर में – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विजेता प्रतिभागियों से संवाद करेंगे।
- नौसेना के कमांडरों का इस वर्ष पहला सम्मेलन 14 अप्रैल से नई दिल्ली में शुरू होगा।
- अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगें।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद तापमान में बढोतरी से गर्मी का असर बढ़ा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है, ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव, महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट होने का अनुरोध किया है। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है। इसमें संशोधनों को पारित करने के लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढाई गई है। तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी। इसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के ज़रिए किया गया था। इस बीच भाजपा ने पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

प्रदेश में भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ–साथ उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

000

अन्य जिलों में भी इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को मिलने वाले लाभों के बारे में भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की गई।

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में वीडियो संदेश के माध्यम से युवाओं को संबोधित करेगें। प्रदेश के युवा भी इससे जुड़ेगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे और विजेता प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। युवा मामले और खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इस दिन 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' का फिनाले होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के 75 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 984 मेधावी प्रतिभागियों का चयन अंतिम चरण के लिए हुआ है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बालोतरा जिले के पचपदरा में 21 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर जिले की लूणी पंचायत समिति सभागार में प्रधानमंत्री की यात्रा के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के पहले एचपीसीएल इंटीग्रेटेड

रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा पचपदरा रिफाइनरी के माध्यम से राजस्थान देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनेगा और इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति भी मिलेगी।

000

प्रदेश में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसे लेकर जयपुर में आज एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनगणना नोडल अधिकारी भवानी सिंह देथा और जनगणना कार्य निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टर्स और जिलों के विभिन्न अधिकारियों से संवाद किया। बैठक में जनगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने और एक मई से 15 मई, 2026 तक अधिक से अधिक स्व–गणना किये जाने की कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए।

000

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। गायिका की पौत्री ज़नाई भोसले ने सोशल मीडिया पर बताया कि आशा भोसले को सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले का करियर सात दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए प्रसिद्ध थीं। वे जानी–मानी गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आशा भोसले भारत की सर्वाधिक प्रतिष्ठित बहुमुखी गायिकाओं में से एक थीं। राज्यपाल श्री बागडे ने अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोसले ने भारतीय फिल्म संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी आशा भोसले के निधन पर गहरा दु:खा व्यक्त करते हुए कहा कि सात दशकों से अधिक समय तक अपनी मधुर आवाज से भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने वाली आशा ताई का योगदान हमेशा याद रहेगा। गौरतलब है कि आशा भोसले ने अपने सात दशकों से भी अधिक लंबे कार्यकाल में विभिन्न भाषाओं में साढे बारह हजार से ज्यादा गीत रिकॉर्ड किए। उनके द्वारा गाए गए नगमे संगीत प्रेमियों के दिल में हमेशा जगह बनाए रखेगें।

0000

नौसेना के कमांडरों का इस वर्ष पहला सम्मेलन 14 अप्रैल से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस सम्मेलन में समुद्री हितों की रक्षा, क्षमता विकास और नौसेना की प्रचालन स्थिति की समीक्षा की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष और हिंद महासागर क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय बलों की मौजूदगी के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए शीघ्र नौसैनिक तैनाती के प्रयोजन से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण हो गया है। यह सम्मेलन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद नौसेना के प्रचालन, तालमेल और तकनीक को दोबारा स्थापित करने के लिहाज से भी विशेष महत्व का माना जा रहा है।

000

प्रदेश में स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने और बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से पंच गौरव योजना के तहत हर जिले से उत्पादों की पहचान की गई है। इसी कड़ी में डीग जिले में अर्जुन के पौधे को मुख्य वनस्पति घोषित किया गया है। वन विभाग के सहायक वन संरक्षक सुरेश चौधरी ने बताया कि अर्जुन का पेड़ पर्यावरण संरक्षण में मददगार होता है और साथ ही इसकी छाल औषधीय गुणों से भरपूर होती है।

0000

अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पहली पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा यानी 29 जून को होगी। इसमें भगवान शिव की आराधना की जाती है। तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण

15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से होगा। पंजीकरण सुविधा देश के किसी भी जम्मू और कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक सहित 554 बैंक शाखाओं में उपलब्ध होगी।

000

सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम जी में नोन वेण्डिंग जोन में रेहडी–ठेला या दुकान लगाने वालों पर अब एआई की नजर रहेगी। ऐसे दुकानदारों का एआई के जरिए स्वतः चालान कट जाएगा। ज़िला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज खाटूश्याम जी के विकास और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापार मण्डल, स्थानीय संगठनों और श्रद्धालुओं से सुझाव मांगे गये और उन पर चर्चा की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई।

000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद तापमान में बढोतरी होने से गर्मी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 39 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर और कोटा में दर्ज किया गया। वहीं जयपुर, अलवर, सीकर समेत अधिकतर शहरों में तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ गया। पश्चिमी राजस्थान में दिन के साथ अब रात का तापमान भी बढ़ने लगा है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। वहीं अगले चार–पांच दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी हो सकती है।

000

प्रदेशभर में मनाये जा रहे पोषण पखवाडे के तहत डीग जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। "जीवन के प्रथम छः वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास" थीम पर कई जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय जन भागीदारी से जागरूकता रैलियां निकाली जा रही हैं। बच्चों के माता–पिता को यह बताया जा रहा है कि जीवन के पहले छः वर्षों में उचित पोषण देने के साथ सजगता से देखभाल की जानी चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी गोष्ठियों के माध्यम से बच्चों के सीखने और समग्र विकास की प्रकिया को समझाया जा रहा है।

000